प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में 85 फ़ीसदी पदों पर गहलोत-डोटासरा समर्थकों का कब्जा

सचिन पायलट को मिले सांत्वना के रूप में कुछ पदाधिकारी उनमें भी नए लोगों को मौका नहीं दिला पाए

- 25 जिलाध्यक्षों में से पांच हुए रिपीट, सचिन पायलट को मिला सिर्फ टोंक, अब तक घोषित 38 जिला अध्यक्षों में सिर्फ सीकर में महिला अध्यक्ष
- कार्यकारिणी में सिर्फ 15 फ़ीसदी महिलाओं को मौका, कई जाति वर्गों को नहीं मिला प्रतिनिधित्व

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन की रणनीति तय कर दी गई है। कार्यकारिणी के साथ ही 25 जिला अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। इन 25 जिलाध्यक्षों में एक भी महिला नहीं है। वही अब तक घोषित 38 जिला अध्यक्षों में सिर्फ सीकर जिले में एकमात्र महिला जिला अध्यक्ष बनी है। कार्यकारिणी में बहुत से जाति, वर्गों को मौका नहीं मिला।

वही कार्यकारिणी की बात करें तो प्रदेश कार्यकारिणी में केवल 15 फीसदी पदों पर महिलाओं को ही जगह मिली है। मंत्रियों को एक व्यक्ति एक पद के फार्मूले पर संगठन के पदों से हटा दिया है। अब मौजूदा कार्यकारिणी में एक भी मंत्री नहीं है। कई पायलट समर्थक संगठन से बाहर हो गए हैं। कार्यकारिणी में 80 फीसदी पदाधिकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के समर्थक हैं। चुनावी साल इसे गहलोत खेमे के संगठन पर दबदबे के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं सचिन पायलट के समर्थकों को भी कार्यकारिणी में मौका तो मिला है, लेकिन जितने लोगों को मौका मिला है उनसे ज्यादा हटाए गए हैं। इसे सिर्फ सचिन पायलट को दी गई सांत्वना के रूप में देखा जा रहा है। उनमें भी पायलट समर्थक जो पदाधिकारी बनाए गए हैं, अधिकांश वही हैं, जो पहले से पदाधिकारी थे या विधायक हैं। इसे लेकर कहा जा रहा है कि सचिन पायलट कुछ लोगों में सिमट कर रह गए और नए लोगों को मौका देने में चूक गए। सचिन पायलट के समर्थकों को जितनी जगह दिए जाने की उम्मीद थी, उससे कम जगह दी गई है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अपने समर्थकों को संगठन के पद दिलाने में कामयाब हुए हैं, साथ ही उन्होंने अपने समर्थकों को बहुत जल्दी पदोन्नत भी कर दिया है। पुरानी कार्यकारिणी में सचिन पायलट समर्थक प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, महासचिव रहे वेदप्रकाश सोलंकी, सचिव महेंद्र सिंह खेड़ी, गजेंद्र सांखला, शोभा सोलंकी ललित यादव को बाहर कर दिया है। चाकसू से पायलट समर्थक विधायक वेदप्रकाश सोलंकी लगातार पायलट के समर्थन में बयानबाजी करते रहे थे, सोलंकी ने कई बार सरकार पर भी सवाल उठाए थे। ऐसे में सोलंकी को इस बार प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया है। पिछली कार्यकारिणी में उन्हें प्रदेश महासचिव बनाया था। पायलट समर्थक महेंद्र सिंह खेड़ी, निंबाराम गरासिया को सचिव पद से हटा दिया है।192 की प्रदेश कार्यकारिणी में पायलट समर्थकों को जगह मिली है, लेकिन उनकी संख्या केवल 20 के आसपास है। पायलट समर्थक दो नेताओं गजराज खटाना और दर्शन गुर्जर को उपाध्यक्ष बनाया है।

वहीं 48 महासचिवों में पायलट समर्थक 9 लोगों राकेश पारीक, महेंद्र सिंह गुर्जर, प्रशांत शर्मा, इंद्राज गुर्जर, मुकेश भाकर, राजेश चौधरी, सुरेश मिश्रा, संजय जाटव और सोना देवी बावरी को महासचिव बनाया है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में बनाए गए 121 सचिवों में पायलट समर्थकों की संख्या भी बहुत कम है। सचिवों में अनिल चोपड़ा, हिमांशु कटारा, विक्रम वाल्मीकि, सुरेंद्र लांबा, आजाद सिंह राठौड़, नरपत और विभा पायलट समर्थक हैं। वहीं यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के बेटे अमित धारीवाल को कांग्रेस का प्रदेश महासचिव बनाया गया है। कहा जा रहा है कि शांति धारीवाल इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे और अपने बेटे अमित धारीवाल को टिकट दिलाने की पैरवी करेंगे।

कांग्रेस लगातार महिलाओं को 33 फीसदी टिकट देने की पैरवी करती रही है, लेकिन संगठन में भी उन्हें केवल 15 फीसदी पद दिए गए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी के 192 पदों में से केवल 29 महिलाओं को जगह दी गई है। जो 15 फीसदी भी पूरी नहीं है । 21 उपाध्यक्ष में से 2 महिला उपाध्यक्ष, 48 महासचिवों में से 9, 121 सचिवों में से 18 सचिव के पद महिलाओं को दिए हैं। कांग्रेस ने कल 25 जिलाध्यक्षों के पदों पर नियुक्ति की। उनमें से एक भी महिला नहीं है। कांग्रेस में इससे पहले 13 जिलाध्यक्ष बनाए थे। उनमें केवल एक महिला जिलाध्यक्ष बनाई गई थी। वही पाली जिले के अध्यक्ष अजीज दर्द, हनुमानगढ़ के सुरेंद्र दादरी, बीकानेर के यशपाल गहलोत, कोटा के रविंद्र त्यागी, बूंदी से सीएल प्रेमी दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं।

ब्रह्मकुमारीय व एन.सी.सी. के सिद्धांत एक समान : एल.के.जैन

ब्रह्माकुमारीज राजयोग भवन वैशाली नगर के प्रभुनिधि सभागार में मंगलवार को एन.सी.सी. कैडेट्स के लिये सेल्फ एंपावरमेंट लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग कार्यक्रमों की श्रंखला का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। ब्रह्माकुमारीज राजयोग भवन वैशाली नगर के प्रभुनिधि सभागार में एन.सी.सी. केडेट हेतु आयोजित किये जाने वाले सेल्फ एंपावरमेंट लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग कार्यक्रमों की श्रंखला का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजयोग एवं आध्यात्मिक सश्क्तिकरण के जरिए एन.सी.सी. केडेट्स को मूल्यों के प्रति सजग कर देश का आंतरिक तौर पर मजबूत प्रहरी बनाने का प्रयास किया जायेगा। शुभारम्भ में सभा को संबोधित करते हुए एयर कमोडोर एल.के. जैन ने बताया ब्रह्माकुमारीज एवं एन.सी.सी. के सिद्धांत एक समान है। जिस प्रकार संस्था आध्यात्मिकता द्वारा अनुशासन के प्रेरित करती है ऐसे ही देश एन.सी.सी. भी अपने केडेट में अनुशासन को कूट कूट कर भरता है। ब्रह्माकुमारीज जयपुर की उपक्षेत्रीय संचालिका बीके सुषमा दीदी ने बताया कि एन.सी.सी. केडेट्स आने वाले समाज को दिशा दिखाने में अहम् भूमिका निभा सकते है। व्यवस्थित जीवनशैली वाला केडेट ही प्रेरणाश्रोत बन सकता है। उन्होंने केडेट्स को बुरी आदतों से दूर रहकर अनुशासित जीवन शैली अपनाने का महत्व बताया।

भारतीय सेना के कर्नल बी.सी. सती ने केडेट्स में जोश भरते हुए अपने कार्यकाल में आयी विपरीत परिस्थितियों को मैडिटेशन से सहज पार करने के गूर सिखाये। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में कार्यक्रम के अंत में बीके चन्द्रकला दीदी ने राजयोग मैडिटेशन का अभ्यास करवाया गया। तथा एन.सी.सी. गाना हम सब भारतीय है, बजाकर कार्यक्रम का समापन किया गया तथा कार्यक्रम में भारतीय सेना के अफसरों सहित 300 केडेट्स ने हिस्सा लिया।

सहकारी समितियों का उप रजिस्ट्रार व निरीक्षक पांच लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- पीड़ित से मांगी थी 20 लाख की रिश्वत, पहले भी ले चुके 5 लाख रुपए
- रेड के दौरान सील किए दो कमरों को खोलने के एवज में आरोपी ले रहे थे रिश्वत

देशराज यादव

अरुण प्रताप सिंह

जयपुर,(कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को सहकारी समिति उप रजिस्ट्रार एवं निरीक्षक को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीमें दोनों अधिकारियों के आवास व उप रजिस्ट्रार के मिनी सचिवालय और निरीक्षक के टोंक रोड स्थित देव नगर कार्यालय सहित अन्य ठिकानों पर एसीबी की अलग-अलग सर्च करने में जुटी थी। एसीबी ट्रैप के बाद आरोपी उप रजिस्ट्रार देशराज यादव व निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को एसीबी मुख्यालय लेकर गई।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई को परिवादी ने शिकायत दी कि कॉपरेटिव सोसायटी के किराये के कार्यालय पर सहकारिता विभाग की टीम की डाली गई रेड के कार्रवाई में मदद करने की एवज में सहकारी समिति उप रजिस्ट्रार देशराज यादव व निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने 20 लाख रुपए की रिश्वत मांग कर उसे परेशान कर रहे है। इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपर वीजन में एसीबी विशेष अनुसंधान इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। शिकायत सही पाई जाने पर मंगलवार को सीआई रघुवीर शरण ने ट्रेप कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान देशराज यादव पुत्र रामजीलाल यादव निवासी 15, सरस्वती नगर- ए. गैटार रोड, मालवीय नगर, जयपुर, अरूण प्रताप सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी फ्लेट नं0 808, आशियाना ग्रीन वुड, जगतपुरा को परिवादी से 5 लाख की रिश्वत राशि लेते हुये गिरफ्तार कर लिया। परिवादी ने बताया कि इस राशि से पहले भी आरोपी उसे इस काम के लिए 5 लाख रुपए ले चुके हैं। रिश्वत की दूसरी किश्त देते हुए एसीबी ने दोनों अधिकारियों धर दबोचा। एसीबी के सत्यापन में खुलासा हुआ है कि आरोपी उप रजिस्ट्रार रिश्वत लेने में इतना बेखौफ था कि परिवादी को बोला कि ऊपर भगवान और नीचे में हूं किसी से नहीं डरते।

मामले के अनुसार नील कमल शुक्ला की सिंधू नगर कोऑपरेटिव सोसायटी है। उसने अपनी कोऑपरेटिव सोसायटी का ऑफिस राजापार्क पंचवटी स्थित सहकारिता विभाग की ही करीब 800 वर्ग गज जमीन पर खोल रखा है। यह ऑफिस 15 साल पहले किसी कॉलोनाइजर से किराए पर लिया था। आरोपी देशराज यादव इस बेस कीमती जमीन को किसी अन्य बिल्डर के माध्यम से हथियाना चाह रहा था। ऑफिस खाली करवाने के लिए देशराज ने सहकारिता विभाग की ओर से 24 जून को पुलिस जाप्ता लेकर छापा डाला था। छापे के बाद वहां दो कमरों को सील कर दिया। दोनों सील कमरों में सोसायटी के दस्तावेज रखे हुए थे। सील कमरों को नील कमल शुक्ला खुलवाना चाह रहा था। इस पर देशराज यादव दोनों कमरों को खोलने की एवज में 20 लाख रुपए मांग रहा था। बातचीत कर 10 लाख रुपए में कमरे खोलना तय हुआ। इसके बाद आरोपी 5 लाख रुपए पहले ले चुके थे। मंगलवार को दूसरी किस्त के 5 लाख रुपए लेते ट्रैप कर लिया गया।

परिवादी ने बताया कि सहकारी समिति के भवन में चल रहे उसके ऑफिस को खाली करने की मियाद पूरी हो गई। लेकिन उसने कोर्ट से स्टे ले रखा है। उक्त भवन को किराए से लेने के लिए एक प्रॉपर्टी व्यवसायी उप रजिस्ट्रार को 2 करोड़. रुपए देने का तैयार हो गया। परिवादी ने बताया कि आरोपी उप रजिस्ट्रार ने 30 लाख रुपए लेकर ऑफिस खाली करने का ऑफर भी दिया। लेकिन उसने मना कर दिया। जबरन उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

उप रजिस्ट्रार देशराज यादव के कहने पर परिवादी से निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह ने 5 लाख रुपए रिश्वत के मांगे। परिवादी को टोंक रोड स्थित देव नगर कार्यालय में आने की बजाय दोपहर बाद जनता स्टोर बुलाया। परिवादी जनता स्टोर पहुंचा तो आरोपी निरीक्षक खुद की कार से रिश्वत की राशि लेने पहुंचा, तभी रिश्वत लेते उसे पकड़ लिया।

एसीबी ने आरोपियों को पकड़ने के लिए पांच टीम तैयार कर रखी थी। दो टीम दोनों आरोपियों के दफ्तर के पास तैनात कर रखी थी और दो टीम उनके आवास पर। निरीक्षक ने जनता स्टोर पर रिश्वत की राशि लेना तय किया तो रिजर्व में रखी गई पांचवी टीम जनता स्टोर भेजी गई।

श्रीवास्तव जाएंगे संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में

जयपुर। पुलिस निरीक्षक रोहित श्रीवास्तव का चयन अनिटेड नेशन शान्ति मिशन के अंतर्गत साऊथ सूडान के लिए हुआ है। इनके साथ जोधपुर निवासी पुलिस निरीक्षक भावना परमार भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व भारतीय दल में करेंगी। इन्हें अगस्त माह में अपनी उपस्थिति राजधानी जूबा में देनी है। इनका 13 सदस्यीय भारतीय दल वहाँ एक साल के लिए अपनी सेवाएं देगा।

प्रदेश से बाहरी अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल नहीं करने पर मांगा जवाब

जयपुर। हाईकोर्ट ने नेत्र सहायक भर्ती-2023 परीक्षा में प्रदेश से बाहरी अभ्यर्थियों को शामिल नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव और राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल से जवाब मांगा है। अदालत ने याचिकाकर्ता अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश ऋषभ की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता हरियाणा का मूल निवासी है और उनसे निम्स कॉलेज से ऑप्थैल्मिक टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय डिप्लोमा कार्स कर रखा है। वहीं उसे राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल से प्रोविजनल डिग्री भी मिल गई है। याचिकाकर्ता ने जब आरपीएमसी में ऑनलाइन आवेदन किया तो उसका आवेदन राजस्थान का मूल निवासी नहीं होने के आधार पर खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया कि वह आरपीएमसी में पंजीकरण के अभाव में नेत्र सहायक भर्ती में आवेदन नहीं कर सकता है।

आर.एस.ए. ने सोलर बैंकिंग मुद्दे और कुसुम योजना के विकास के लिये आवाज उठाई

- नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी नियामक आयोग को दिए सुझाव
- सोलर एनर्जी के नेट मीटरिंग पर सुनवाई

जयपुर। राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के समक्ष सोलर एनर्जी के नेट मीटरिंग पर आमजन की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, द राजस्थान सोलर एसोसियेशन (आर.एस.ए.) के अध्यक्ष सुनील बंसल, प्रमुख उद्योग सदस्यों नितिन गोयल, आशु गुप्ता शामिल हुए।

आर.एस.ए. ने नवीकरणीय ऊर्जा की बैंकिंग के मुद्दों के लिये आवाज उठाई। यह परेशानी मुक्त होनी चाहिये और 15 मिनट का ब्लॉक हटाने की मांग की। इसी के साथ सोलर के प्रति डिस्कॉम का दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिये। क्षमता उपयोग कारक (सी.यू.एफ.) को 50 फीसदी तक बढ़ाया जाना चाहिये। मीटर और नेट मीटर के पीछे दूसरे पक्ष द्वारा निवेश को रेस्को नहीं माना जाना चाहिये। वहीं कुसुम टैरिफ को तर्क संगत बनाया जाए। कुसुम योजना में एमएसएमई क्षेत्र और किसानों को लाभ होना चाहिये।

राजस्थान विद्युत नियामक आयोग के समक्ष सोलर एनर्जी के नेट मीटरिंग पर आमजन की सुनवाई में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ भी मंगलवार को आयोग के समक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान राठौड़ ने राज्य में उत्पादित सौर ऊर्जा का आधा हिस्सा राज्य को देने की अनुमति देने की मांग की।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में जमीन हमारी, विद्युत संयंत्र लगाने के लिए पेड़-पौधे हमारे काटे जाते हैं लेकिन सोलर विद्युत उत्पादन को उत्पादक कंपनियां दूसरे राज्यों में अपने मुनाफे के लिए धड़ल्ले से बेच रही हैं। राजस्थान में 31 मार्च तक 16 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के संयंत्र स्थापित हो चुके हैं जिसमें लगभग हजारों बीघा जमीन हमारी काम में आई है। यहां देश और विदेश की ख्यातिनाम कंपनियों के साथ विभिन्न एमओयू किये जा चुके हैं। इसके बाद भी राज्य को 6 हजार मेगावाट से कम ही बिजली उपलब्ध हो रही है जो कुल विद्युत उत्पादन का लगभग 1 तिहाई ही है। राज्य में बिजली की स्थिति सुधारने के लिए सरकार राज्य में उत्पादित सोलर एनर्जी का 50 फीसदी विद्युत उत्पादन करने पर विद्युत कंपनियों को राज्य में ही क्रय करने का नीतिगत निर्णय ले और नियामक आयोग इस दिशा में पहल करें। इससे प्रदेश में होने वाला विद्युत संकट टाला जा सकता है।

ऐसे ही बयानों से कांग्रेस की स्थिति "शूर्पणखा" जैसी : शेखावत

जयपुर। राजस्थान के सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा के विवादित बयान पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह जानबूझकर दिया गया बयान है। ऐसे ही बयानों की वजह से आज कांग्रेस की स्थिति "शूर्पणखा" जैसी है। मंगलवार को ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि हिंदुओं की हंसी उड़ाने और अपने वोट बैंक की चमकाई करने के लिए कितना नीचे गिरेंगे ये कांग्रेसी? भारत की आस्था प्रभु श्रीराम को पागल बताते हुए राजस्थान सरकार के मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को स्वयं के अस्तित्व पर शर्म नहीं आई? शेखावत ने कहा कि यह जानबूझकर दिया गया बयान है। ऐसे ही बयानों की वजह से आज कांग्रेस की स्थिति "शूर्पणखा" जैसी है। रावण की बहन के साथ क्या हुआ था? गहलोत जी के ख़ास मंत्री को ये पता तो होगा।

कंट्रोल रूम की स्थापना

जयपुर, (का.सं.)। पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र की बैठक 14 जुलाई से पुनः आयोजित होगी। सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित सहित अन्य प्रस्तावों के जवाब सही समय पर भिजवाने के लिए कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

गुरू हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

सुखमनी सेवा सोसायटी बनीपार्क के सदस्यों ने प्रकाश पर्व को सेवा दिवस के रूप में,जामडोली स्थित अपना घर आश्रम में मनाया।

जयपुर, (का.सं.)। सिक्खों के 8वें गुरू, गुरू हरक्रिशन का प्रकाश परब आज मनाया गया। सुखमनी सेवा सोसायटी बनी पार्क के सदस्यों ने प्रकाश पुरब को सेवा दिवस के रूप में,जामडोली स्थित अपना घर आश्रम में मनाया। वहां पर सदस्यों ने शबद कीर्तन गायन किया। सभी के स्वास्थ्य एवं कल्याण की अरदास की। सबको कड़ाह प्रसाद बांटा गया। आश्रम में लगभग 160 महिलाएं व बच्चे रहते हैं। सोसायटी सदस्यों ने राशन सामठी भेंट की तथा बिस्किट के पैकेट्स व फल वितरित किए। इस अवसर पर सोसायटी की पिंकी सिंह सहित अन्य सदस्य सूर्य उदय सिंह, दीपिका कपूर, प्रीति कौर, विजय सैनी आदि उपस्थित रहे। इस सेवा कार्य में सोसायटी के सभी सदस्यों का संपूर्ण सहयोग रहा।

प्रकाश पुरब के उपलक्ष्य में सोसायटी के पाठ ठ्ठुप अपणी मेहर कर के सदस्यों ने 2260 जपुजी साहिब पाठ व 1830 माला हरक्रिशन ध्याइये, जिस डिठे सब दुख जाए का जाप किया।

गुरू हरक्रिशन का जन्म सन् 1656 ई. में कीरतपुर साहिब में हुआ। उन्हें बाल गुरू कहा गया, क्योंकि उनके पिता हरि राय ने ज्योति-जोत समाते समय मात्र पांच वर्ष की आयु में हर किशन को गुरू गद्दी दी थी। कम उम्र में ही गुरू के अंदर दीन दुःखियों व बीमारों के प्रति अपार संवेदना थी। दिल्ली में जब चेचक की महामारी फैली तो वह बीमारों की सेवा में लग गए और उसी बीमारी से ठास्त होकर आठ वर्ष की आयु में ही ज्योति जोत समा गए।

तीये की बैठक

हमारी आदरणीय श्रीमती नन्नी देवी छाबडा धर्मपत्नी स्व. श्री तारा चन्द जी छाबडा (टोडारायसिंह वाले) का स्वर्गवास दिनांक 11.07.203 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 13.07.203 को प्रात 9.00 बजे भट्टारक जी की नसियां छतरी वाला संभाग पर रखी गई है। तत्पश्चात घडियों का दस्तूर होगा। यह अंतिम बैठक होगी। **शोकाकुल-** कैलाशचन्द, महावीर-रानी, निर्मल, देवेन्द्र, राजीव, राहुल-नेहा, पदमा-राजेन्द्र, सविता-राजेश (पुत्री-दामाद), डॉ. डीमी-डॉ. मनीष, श्रद्धा-रोहित, राशि, खुशी (दोहिती-दामाद), सुलेखा-कमल, सुनीता-विजय, रीतु-राजीव। मो. 9314467171 पीहर पक्ष- माणक चन्द जी, महेन्द्र कुमार जी काला (बांदीकुई वाले), फूलचन्द वैध।

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री कन्हैया लाल जी सैनी (नैणावा) का स्वर्गवास दिनांक 10.07.2023 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक दिनांक 12.07.2023 को सायं 3 से 4 बजे तक श्री राधा गोविन्द देव जी मंदिर भागीरथ नगर में रखी गयी है। **शोकाकुल-** रामपाल, हनुमान, घनश्याम, भगवान (भाई), नंदलाल जी, बाबूलाल जी (भतीजा), दिलीप सैनी (पुत्र), भोनेस (पौत्र) एवं समस्त नैणावा परिवार। निवास 42, भागीरथ नगर जयपुर मो. 7737236078

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना दि. 11.07.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाश्य नासीर खान पुत्र श्री फकीर मोहम्मद निवासी- 51, रहमान की ढाणी, भावगढ़ कंधा, खौ- नागौरियान, तहसील सांगानेर, जिला- जयपुर के स्वामित्व का एक भूखण्ड संख्या 34, केसर वाटिका विस्तार, खौ- नागौरियान क्षेत्रफल 100 गज 2014 में मेरे अभिभाश्य के परिचित राजेश कुमार निवासी- ग्राम जोधा का वास, जिला झुन्झुनु ने विश्वास में लेकर मेरे अभिभाश्य से यह कहते हुए कि मुझे बैंक से लोन लेना है और कुछ समय के बाद में आपके प्लाट का पट्टा वापस दे दूंगा और यह विश्वास दिलाकर मेरे अभिभाश्य से खाली पट्टा लिया और जाते समय 1,00,000/- रुपये देकर चला गया। उक्त प्लाट का पजेशन आज भी मेरे अभिभाश्य के पास में है और बार-बार पट्टा मांगने के बाद भी वह टालम- टोली कर रहा है। मेरे अभिभाश्य को आशंका है कि इस प्लाट के पेपर का किसी अन्य व्यक्ति को बेचान ना कर दिया हो, इसलिए इस प्लाट का कोई भी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, उक्त भूखण्ड राजेश कुमार से संव्यवहार नही करें और यदि करता है तो ऐसा संव्यवहार प्रारम्भ से ही अवैध व शून्य होगा तथा ऐसे संव्यवहार के लिए मेरा अभिभाश्य कतई जिम्मेदार नही होगा। भवदीय (अनिल मोहता) एडवोकेट, मो.नं. 9314021355

खण्डन आम सूचना दिनांक 30.05.2023

विजय सैनी एडवोकेट द्वारा दिनांक 30.05.2023 को महेश अग्रवाल भूतपूर्व मंत्री शांति नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की ओर से जो आम सूचना जयपुर महानगर टाइम्स में प्रकाशित करवायी है जो कतई असत्य है वास्तविक तथ्य यह है कि मेरी अभिभाष्या मीना देवी पत्नी नाथूलाल निवासी 91बी, सुल्तान नगर गुर्जर की थडी को शांति नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा दिनांक 15.12.1994 को उक्त भूखण्ड आवंटित किया गया था जिस पर मेरी अभिभाष्या आवंटन की दिनांक से बहैसियत मालिक स्वामी काबिज है और उसने उक्त भूखण्ड पर रहवास हेतु तामीरात करवा रखी है उक्त समिति या अन्य किसी दीगर व्यक्ति का मेरी अभिभाष्या मीना देवी के उक्त वर्णित प्लाट से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है सूचित रहे।

(राजेश रूहेला), एडवोकेट, मो.नं.9829332443

नाम परिवर्तन

मेरा नाम राधेश्याम पुत्र श्री गोपाल लाल शर्मा अब परिवर्तन नाम राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री गोपाल लाल शर्मा सम्राट भवन 156, बडा अखाडा, मंगला मार्ग, जयपुर से जाना जावें। भविष्य में मुझे राधेश्याम शर्मा के नाम से जाना जावें।

We Agraj Patodia & Rishita Patodia changed our son name from Rian to Rian Patodia for all purposes R/o C-24, Ambabari Jaipur.

खोया-पाया

मेरा लूनियावास ग्रह निर्माण सहकारी समिति लि. के द्वारा जारी किया प्लाट नं. 09 देवनगर बी, का मूल पट्टा व रसीद खो गये। मिलने पर सूचित करें- शारदा देवी-9799045135

मकान संख्या 3-क-12, जवाहर नगर, जयपुर के मूल दस्तावेज अलोटमेंट लैटर, प्रीपेचुअल लीज, पजेशन लैटर जो कि देवराज शर्मा के नाम से है, कहीं खो गये है। मिलने पर सूचित करें। 9828506692

मेरा प्लाट नंबर 40, 213 वर्गगज लक्ष्मीविहार, चकगैटोर जिसकी सदस्यता की रसीद 10.07.2023 को खो गए। सदस्यता शुल्क की रसीद श्रीमहावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर ने 15.09.1990 को जारी की थी। किसी को मिले तो सूचित करें। ओमप्रकाश मीणा, ग्राम झर, बस्सी-9799882792

आम सूचना सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाश्य श्याम सुन्दर अग्रवाल पुत्र श्री प्रेमनारायण अग्रवाल मकान नंबर E-1/479 चित्रकूट के मूल दस्तावेजों में से एक आवंटन पत्र- 96 दिनांक 19.09.1996 एवं भूमि पटटा विलेख का साइट प्लान जो कही गुम हो गये जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट साइबर क्राइम पुलिस जयपुर एल. आर. 1870695/2023 दिनांक 11.07.2023 को दर्ज करवा रखी है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक व् अन्य किसी को इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

रामस्वरूप मीणा (अधिवक्ता)
11.07.2023 c-112 राम गली नो 5 राजा पार्क जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/782 दिनांक- 8.6.2023

जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 123/327 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री भंवर लाल अग्रवाल पुत्र श्री भगवान दास अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2359 दिनांक 31.03.1992 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 05.05.1992 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4787 दिनांक 22.09.2001 के द्वारा श्री भंवर लाल अग्रवाल पुत्र श्री भगवान दास अग्रवाल के नाम अंतेश प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 31.03.2002 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री भंवर लाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 20.11.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री भंवर लाल अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत इकरणाम पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. श्री भंवर लाल अग्रवाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone NO. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/829 दिनांक- 13.6.2023

जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 34/03 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 204.00 वर्गमीटर/ वर्गगज का आवंटन श्री गुलाब कोठारी पुत्र श्री के.सी. कोठारी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 6438 दिनांक 20.09.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 16.11.1986 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2382 दिनांक 0.12.1997 के द्वारा श्रीमती शुभ लक्ष्मी पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 17.03.1999 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती शुभ लक्ष्मी की मृत्यु दिनांक 14.012019 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री अनूप शर्मा पुत्र श्री विजय नाथ शर्मा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया